


श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री



# नई रेल

# नया छत्तीसगढ़

**2014 से प्रगति पथ की नई यात्रा**

**रायपुर संसदीय क्षेत्र**









# प्रस्तावना




**श्री सुनील सिंह सोइन**
महाप्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भारतीय रेलवे हमारे राष्ट्र की जीवन रेखा है। इसने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में सदैव से उत्प्रेरक का काम किया है। समान रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपनी स्थापना के बाद से ही छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक–आर्थिक प्रगति में सहयोगी की भूमिका निभाती रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 46% रेल नेटवर्क छत्तीसगढ़ में अवस्थित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ–साथ पूर्व तट रेलवे भी छत्तीसगढ़ को सेवाएं प्रदान करती है। माल ढुलाई में अग्रणी ज़ोन होने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को निरंतर गति प्रदान करती रही है। खनिज संपन्न राज्य होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क के विस्तार की अत्याधिक आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए रेलवे एवं छत्तीसगढ़ सरकार आपसी सहयोग के साथ काम कर रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से कई परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में, विगत 4 वर्षों में रेल परियोजनाओं से संबन्धित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक तरफ रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार लौह संपन्न परंतु दुर्गम रावघाट तक किया जा रहा है तो दूसरी ओर दो महत्वपूर्ण कारीडोर के द्वारा पूर्व मध्य छत्तीसगढ़ के कोयला संपन्न मांड क्षेत्र तक रेल परिवहन सुविधा पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त दो नई लाइनों, खरसिया–बलौदाबाजार–नया रायपुर–दुर्ग तथा कटघोरा–कवर्धा–डोंगरगढ़ के लिए सैद्धांतिक सहमति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात, छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा तथा राज्य के अनेक अनछुए क्षेत्रों में विकास के नवीन द्वार खुलेंगे। इस ब्रोशर का लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हालिया, अतीत एवं वर्तमान की परियोजनाओं एवं कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों को सूचीबद्ध करना है।

हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास एवं यात्रियों के सहयोग के कारण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराये गये थर्ड पार्टी आडिट के आधार पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को स्वच्छतम ज़ोन घोषित किया गया है। हम सभी छत्तीसगढ़ में रेलवे के और अधिक विकास के लिये कृत संकल्प है।



# रायपुर संसदीय क्षेत्र

**क. विधान सभा क्षेत्रः**

बलौदा बाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर शहर पश्चिम, रायपुर शहर उत्तर, रायपुर शहर दक्षिण, आरंग, अभनपुर।

**ख. पिछले 4 वर्षों में पूरे किये गए कार्यः**

**ख1. आधारभूत संरचना के विकास कार्य**

- ❖ ₹ 145 करोड़ की लागत से बिलासपुर–उरकुरा तीसरी लाईन परियोजना के अंतर्गत बैकुंठपुर–उरकुरा के मध्य 28 किलोमीटर तीसरी लाइन का निर्माण।
- ❖ ₹ 47 करोड़ की लागत से डीजल लोको शेड रायपुर का विस्तार।
- ❖ ₹ 3 करोड़ की लागत से रायपुर स्टेशन के गुढियारी छोर पर सर्कुलेटिंग एरिया का विकास।

**ख2. यात्री सुविधाएं**

- ❖ ₹ 547 लाख की कुल लागत से निपनिया, सरस्वती नगर, सरोना, बैकुंठ, रायपुर, डब्ल्यू आर एस कालोनी एवं मांढर स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज की सुविधा।
- ❖ ₹ 228 लाख की लागत से निपनिया, मांढर, बैकुंठ, सिलियारी एवं सरोना स्टेशनों पर प्लेटफार्म की ऊंचाई में वृद्धि/विस्तार।
- ❖ ₹ 274 लाख की लागत से रायपुर स्टेशन में 3 लिफ्ट एवं 2 एस्केलेटर की सुविधा।
- ❖ ₹ 50 लाख की लागत से रायपुर स्टेशन में हाई स्पीड वाई–फाई की सुविधा।
- ❖ ₹ 93 लाख की लागत से भाटापारा, बैकुंठ, सिलियारी, मांढर, सरस्वती नगर, डब्ल्यू आर एस कालोनी, हथबंध एवं उरकुरा स्टेशनों में न्यूनतम आवश्यक सुविधा में कमी के उन्मूलन के अनुसार प्लेटफार्म शेल्टर की सुविधा।
- ❖ ₹ 6 लाख की लागत से रायपुर स्टेशन में दिव्यांग फ्रेंडली टायलेट की सुविधा।

**ग. अन्य कार्यः**

- ❖ 22867/22868 दुर्ग–ह.निजामुद्दीन–दुर्ग, द्वि–साप्ताहिक हमसफ़र एक्सप्रेस का दिनांक 22 अप्रैल, 2017 से शुरुआत।
- ❖ 22895/22896 दुर्ग–फिरोजपुर–दुर्ग, अन्त्योदय एक्सप्रेस का दिनांक 1 मई, 2018 से शुरुआत।
- ❖ 12549/12540 (दुर्ग–जम्मूतवी एक्सप्रेस) एवं 12823/12824 छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोचों का एलएचबी कोचों में संशोधन।
- ❖ 19317/19318 इंदौर–पुरी, हमसफ़र एक्सप्रेस का रायपुर स्टेशन में ठहराव।

**घ. कार्य प्रगति परः**

- ❖ ₹ 171 करोड़ की लागत से मंदिरहसौद/नया रायपुर–केंद्री के मध्य 20 किलोमीटर नई रेल लाइन का निर्माण।
- ❖ ₹ 25 करोड़ की लागत से तिल्दा–सिमगा रोड के बीच लेवल क्रासिंग नंबर 397 पर रोड ओवरब्रिज एवं रोड अंडरब्रिज का निर्माण।
- ❖ ₹ 4 करोड़ की लागत से रायपुर स्टेशन के गुढ़ियारी छोर पर सर्कुलेटिंग एरिया का विकास।
- ❖ ₹ 1 करोड़ की लागत से उरकुरा स्टेशन में फुट ओवरब्रिज की सुविधा का प्रावधान।
- ❖ ₹ 2 करोड़ की लागत से सिलियारी स्टेशन में फुट ओवरब्रिज की सुविधा का विस्तार।
- ❖ ₹ 1 करोड़ की लागत से रायपुर स्टेशन में सौर उर्जा संयंत्र की आन लाईन मानिटरिंग सुविधा सहित स्थापना।
- ❖ ₹ 72 लाख की लागत से रायपुर स्टेशन के गुढ़ियारी छोर पर नई बुकिंग कार्यालय का प्रावधान।
- ❖ ₹ 36 लाख की लागत से रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों में डिजिटल आरक्षण चार्ट (16 डिस्प्ले) का प्रावधान।
- ❖ ₹ 90 लाख की लागत से भाटापारा में आरसीसी ओवरहैड टैंक की स्थापना से पेयजल सुविधा के विस्तार का प्रावधान।
- ❖ ₹ 1 करोड़ की लागत से रायपुर मंडल के स्टेशनों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं में कमी का उन्मूलन।
- ❖ ₹ 2 करोड़ की लागत से रायपुर के आरपीएफ कालोनी के समीप वाटर रिसायकलिंग प्लांट (0.5 एमएलडी की क्षमता) की स्थापना।
- ❖ ₹ 10 लाख की लागत से रायपुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्मो पर दिव्यांग फ्रेंडली टायलेट का प्रावधान।

# कुछ महत्वपूर्ण फोटोग्राफ



माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़, माननीय रेल राज्यमंत्री एवं
अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा झंडी दिखाकर अंत्योदय एक्सप्रेस का शुभारंभ



माननीय रेल मंत्री, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़, एवं अन्य गणमान्य
अतिथियों द्वारा रायपुर स्टेशन पर झंडी दिखाकर हमसफ़र एक्सप्रेस का शुभारंभ



माननीय सांसद द्वारा रायपुर स्टेशन पर
आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन का शुभारंभ



रायपुर स्टेशन पर दिव्यांग फ्रेंडली रैम्प की सुविधा



रायपुर स्टेशन में एस्केलेटर की सुविधा




माननीय सांसद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा रायपुर स्टेशन पर
इंदौर–पुरी, हमसफ़र एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया



माननीय सांसद द्वारा रायपुर स्टेशन पर
लिफ्ट का शुभारंभ



माननीय सांसद द्वारा रायपुर स्टेशन पर
सौर उर्जा संयंत्र का शुभारंभ